सार-समाचार

## सद्भावना दिवस मनाया




**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजीव गांधी महाविद्यालय, नादोती में बुधवार को सद्भावना दिवस धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शांति, राष्ट्रीय एकता और विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोडाभीम विधायकघनश्याम महररहे। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशकप्रद्युम्न सिंह, जिला युवा अधिकारीशरद त्रिपाठीतथा थाना अधिकारीवीर सिंह गुर्जरसहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मंच संचालन स्वयंसेवकरामराज बैरवाने किया। आयोजन मेंविजेंद्र बैरवा, लोकेंद्र शर्मा, अवधेश गुर्जरऔर छायाकारमनीष शर्माविशेष रूप से उपस्थित रहे। युवाओं के लिए आयोजित क्विज प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी श्री शरद त्रिपाठी के मार्गदर्शन में श्री विजेंद्र बैरवा ने युवाओं को'माय भारत पोर्टल'से जुड़ने और सामाजिक-राष्ट्रीय गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री महर ने सभी कोसद्भावना की शपथदिलाई, वहीं थाना अधिकारी श्री गुर्जर ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया।

## बजरंग दल व गौ रक्षा दल की बैठक

**सूरौठ,** (निसं)। गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे स्थित उदासी का बाग मंदिर परिसर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई ,जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के समक्ष ढोंक लगाकर की गई,कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल सूरौठ के अध्यक्ष गौरी पंडित व राम पंडा के द्वारा कि गई, एवं उपाध्यक्ष भोजराज सोनी संगठन मंत्री केशव शर्मा एवम् खंड प्रदेश अध्यक्ष विनय गौड समाज सुधारक अशोक सैनी एवं गौ रक्षक ललित शर्मा दीपू देशवाल आदि सभी कार्यकर्ताओ के द्वारा मीटिंग रखी गई इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा विभिन्न चीजों को लेकर अपने-अपने विचार रखें वहां उपस्थित सभी लोगों ने तालिया की गड़गड़ाहट के साथ सभी का उत्साह वर्धन किया ,साथ ही इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद के जिला अध्यक्ष राम पंडा के जन्म दिवस पर सभी लोगों ने पंडा का माला व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया व जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण करके व गौशाला में गाय को फल खिलाकर मनाया गया जिस पर इस मौके पर कई सदस्य गण उपस्थित रहें।

## हिमालय वुड बैज से सम्मानित हुए मीना

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय करौली की जिला काउंसिल के तृतीय वार्षिक अधिवेशन में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम के प्राचार्य एवं सहायक जिला कमिश्नरभयसिंह मीनाको स्काउट प्रशिक्षण के सर्वोच्च सम्मान'हिमालय वुड बैज'से सम्मानित किया गया। समारोह में सहायक राज्य संगठन आयुक्त भरतपुरगिर्राज गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) एवं जिला कमिश्नर स्काउटइन्द्रेश तिवाड़ी, उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशीइंदू देवी जाटवतथा सीओ स्काउटअनिल कुमार गुप्ताने मीना कोपार्चमेंट और बिड्स पहनाकर सम्मानितकिया। यह सम्मान नेशनल ट्रेनिंग सेंटर, पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) की ओर से प्रदान किया जाता है।भयसिंह मीना ने यह प्रशिक्षण4 से 10 दिसंबर 2024 तक स्काउट गाइड मंडल प्रशिक्षण केंद्र, पुष्कर घाटी (अजमेर) में प्राप्त किया था। वे करौली जिले में स्काउट गाइड के क्षेत्र मेंसर्वोच्च योग्यताधारी स्काउटरके रूप में पहचाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय से अब तक स्काउट सेक्शन के52 विद्यार्थियों ने राज्यपाल पुरस्कारऔर कब सेक्शन के31 विद्यार्थियों ने चतुर्थ चरण का प्रमाणपत्रअर्जित किया है। विशेष उपलब्धि यह भी है किस्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, टोडाभीमकरौली जिले काएकमात्र विद्यालयहै जहां कबिंग, स्काउटिंग और रोवरिंग की गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं।

## अवैध सट्टे की खाईवाली करते एक दबोचा

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। थाना सदर हिण्डौन पुलिस ने संगठित रूप से मोबाइल पर अवैध सट्टे की खाईवाली करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में भीमसिंह उर्फ टिन्टू मीना , निवासी सिधान, थाना सदर हिण्डौन को मौके से गिरफ्तार किया गया। टीम ने उससे सट्टे की राशि, उपकरण और अपराध में प्रयुक्त वाहन जब्त किए हैं। पुलिस ने बताया कि आईजी भरतपुर रेंजकैलाश चन्द्र विश्नोईऔर करौली के पुलिस अधीक्षकलोकेश सोनवालके निर्देशन में वांछित अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर एएसपीगुमनाराम, हिण्डौनसिटी एएसपीसत्येन्द्र पाल सिंहऔर वृत्ताधिकारी हिण्डौनसिटी के सुपरविजन में, थाना प्रभारीदेवेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षकके नेतृत्व में टीम गठित की गई। कार्रवाई मेंसउनि रजनलालके नेतृत्व में निकली टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा राशि:2,250 वसट्टा उपकरण बरामद किये है।

## सम्मान व लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर**, (निसं)। बुधवार को ग्राम पंचायत ताखा में कुशल पाल सिंह सरपंच ताखा के कार्यालय पर कार्यकर्ता, स्वागत सम्मान एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा कुम्हेर नवनियुक्त प्रधान देवी सिंह उसरानी का साफा व चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। वही मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री अरविंद पाल व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ ताखा एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, जिला महामंत्री मोहन रारह, अजान गुनसारा मंडल अध्यक्ष पहलाद उबार, आजउ-पाउआ अध्यक्ष भूपेंद्र भटावली, डीग शहर अध्यक्ष ललित, डीग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश गिरसे, सूर्य प्रकाश आर्य, वेदवीर सीनसीनी लाला अजान, गुलाबचंद वेद व सुरेंद्र रहे। ताखा की सरदारी ने सभी अतिथियों का स्वाफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया साथ ही विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। विधायक शैलेश सिंह ने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों हेतु धन की कमी नहीं आने का आश्वासन दिया वही पानी एवं जल भराव की समस्याओं का समाधान का भी आश्वासन दिया साथ ही ग्राम पंचायत ताखा में विकास के कार्य हेतु 27 लाख रुपए की घोषणा की। वहीं जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने समस्त सरदारी का जोरदार और शानदार स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

**करौली,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत उप चुनाव अगस्त 2025 के अन्तर्गत पंचायत समिति मासलपुर के सदस्य पद हेतु वार्ड संख्यांक 2 एवं पंचायत समिति मण्डरायल के सदस्य पद हेतु वार्ड संख्यांक 6 के पद पर उप निर्वाचन हेतु मतदान दिवस 21 अगस्त गुरूवार को पंचायत समिति क्षेत्र मासलपुर के ग्राम पंचायत डुकावली एवं सीलोती तथा पंचायत समिति क्षेत्र मण्डरायल की ग्राम पंचायत रोधई के सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में मतदान दिवस 21 अगस्त गुरूवार का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि किन्ही कारणवश संबंधित ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र में पुनर्मतदान की दशा में यदि पुनर्मतदान होता है तो स्वतः ही संबंधित ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित रहेगा।

## मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली**, (निसं)। जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि नंदे भूमिया का वार्षिक लक्खी मेला 21 अगस्त को तहसील करौली की ग्राम पंचायत तुलसीपुरा के ग्राम टोंका खरैटा में आयोजित किया जावेगा। जिसमें माननीय गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मेले के दौरान धार्मिक स्थल पर विशेष पूजा, अर्चना एवं अन्य आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान अधिकाधिक संख्या में लोग एकत्रित होते हैं, उन्होंने मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से उपखण्ड मजिस्ट्रेट प्रेमराज मीना को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# यजुर्वेद पारायण महायज्ञ में लोग बढ़ चढ कर ले रहे भाग

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। आर्य समाज गंगापुर सिटी के तत्वाधान में देवी स्टोर स्थित आर्य समाज मंदिर में चल रहे सप्त दिवसीय यजुर्वेद पारायण महायज्ञ में धार्मिक बंधु इन दोनों बढ-चढकर हिस्सा ले रहे हैं आर्य समाज के मंत्री संतोष मसावता ने बताया कि यज्ञ के संतोष मासवता, वीरेंद्र आर्य, संजय आर्य, सुनील मित्तल अतेवा वाले, सुनील जिंदल, नरेंद्र आर्य आदि यजमान दंपतियों के द्वारा यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्र जी ने यजुर्वेद के

■ **राष्ट्र सर्वोपरि है, विदेशी आक्रांता से निपटने के लिए स्वदेशी अपनाएं : हरिशंकर अग्निहोत्री**



**यजुर्वेद परायण यज्ञ में आहूति देते यजमान।**

पवित्र मंत्रों से महा यज्ञ में आहुति दिलवाई। आचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि देश सर्वोपरि होता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने राष्ट्र में राजनीतिक जागृति लाने का सराहनीय कार्य किया। दयानंद सरस्वती पहले व्यक्ति थे जिन्होंने घोषणा की थी कि विदेशी राज्य से स्वराज्य हर प्रकार से श्रेष्ठ होता है। विदेशी राज्य कितना ही सुख देना वाला क्यों न हो स्वराज्य हर प्रकार से सर्वोपरि है। दयानंद सरस्वती ही वह प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने स्वदेशी पर जोर दिया और स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आव्हान किया। आज अमरीका ने जो भारत पर टैरिफ लगाया है उसके जवाब में हमे स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अधिक से अधिक करना चाहिए और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए जिससे हमारा राष्ट्र सशक्त और मजबूत बन सके हमे किसी पर आश्रित न रहना पडे। भारत राष्ट्र पारस मणि के समान है ऐसा कोई पत्थर तो होता नहीं है लेकिन भारत वर्ष पारस मणि रूपी ऐसा राष्ट्र है जिस को छूकर विदेशी दरिद्र आक्रांत आज संपन्न हो गए और भारत आज भी संपन्न है। सहारनपुर उत्तर प्रदेश से पधारे भजनोपदेशक सुमित अंगिरस ने कैसा कैसा मेरा वतन सुनो साथिया सुनो आर्यो...हम ना भूलेंगे तुम ना भूलोगे उस ऋषि वर को योगेश्वर को दयानंद स्वामी को.... दुनिया बनाने वाले महिमा तेरी निराली चंदा बनाया शीतल सूरज में आग डाली आदि मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जिनको सुनकर श्रोताओं में प्रभु भक्ति का संचार हो गया। प्रवक्ता आशुतोष आर्य ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से 1:30 दोपहर 2 बजे से 4:30 और रात्रि 8 बजे से 9:30० बजे तक 24 अगस्त तक निरंतर चलेगा। इस दौरान कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन आर्य, कैलाश मित्तल आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर सेमिनार का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 पर नीति से परिवर्तन तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच वर्ष विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें 09:30 से 10:00 बजे तक सेमिनार का उद्घाटन सत्का आयोजन किया गया जिसमें अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समाने दीपप्रज्जवलित एवं माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की तथा विषय प्रवर्तन सेमीनार संयोजक डॉ० सतीष कुन्तल ने किया।



**भरतपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर सेमिनार का आयोजन हुआ।**

सेमीनार का प्रथम तकनीकी 11 बजे से 1 बजे तक चला प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ० गम्भीर सिंह द्वारा की गई। जिसके मुख्यवक्ता प्रो०डॉ० योगेन्द्र भानू आचार्य एम.एस.जे. कॉलेज, भरतपुर रहे। जिन्होंने सेमीनार के निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि नई षिक्षा नीति समावेषी षिक्षा की कल्पना को साकार करती है नई षिक्षा नीति वैष्विक मापदण्डों के अनुरूप है तथा नई षिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार है उन्होंने बताया कि नई षिक्षा नीति में सतत् मूल्यांकन नई षिक्षा का महत्वपूर्ण बिन्दु है उन्होंने नई षिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाष डाला तथा डॉ० सीमा जादौन, डॉ० सुरेन्द्र सिंह सिनसिनवार, भूपेन्द्र सिह, अजय सिंह, रीना सिंघल आदि सहायक आचार्यो ने नई षिक्षा नीति पर अपना शोध पत्र वाचन किया। सेमीनार के द्वितीय तकनिकी सत्र 02 बजे से 04 बजे तक चला जिसकी अध्यक्षता अठासेन षिक्षक प्रषिक्षण महिला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० सुधा शर्मा द्वारा की गई। जिसके मुख्यवक्ता प्रो० आर.के. उपाध्याय आचार्य एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय षिक्षा नीति के पांच प्रमुख स्तम्भ बाताऐं। जिनमें पहुच, समानता, गुणवत्ता , सामार्थ एवं जबाबदेही पर विस्तार से प्रकाष डालते हुए नई षिक्षा नीति की अवधारणा से अवगत कराया उन्होंने बताया कि राश्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 ने भारतीय भाशाओं जैसे मातृभाषा व स्थानीय भाषाओं को कक्षा पांच तक पढाई का माध्यम बनाने का विषेष बल दिया है। इस सत्र में लोकेन्द्र षर्मा, डॉ० दुर्गेष्वरी माथुर, डॉ० रेनू गुप्ता, प्रमोदनी शर्मा, साधना तिवारी, प्रतिमा बंसल, विनीता खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे।

## बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति गंगापुर सिटी कार्यकारिणी की मीटिंग मंगलवार शाम 7.30 बजे अग्रवाल धर्मशाला पर समाज समिति अध्यक्ष मोहन लाल कुनकटा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग की शुरुआत अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग अग्रवाल, समाज उदेई मोड समाज समिति अध्यक्ष दुर्लभ गोयल, मिर्जापुर समाज अध्यक्ष लक्ष्मी चंद महोली, अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल मच्छीपुरा, भवन ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश मित्तल अग्रवाल, खंडेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट उपाध्यक्ष शंभू आर्य, अग्रवाल कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधा मोहन गोयल, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम बजाज आदि मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मीटिंग की शुरुआत की। महामंत्री सतीश महसुआ ने कहा कि 22 सितंबर अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा 15 दिवसीय अग्रसेन महोत्सव के आयोजन के तहत 7 सितंबर से महिला मंडल के कार्यक्रमों के साथ जयंती महोत्सव की शुरुआत होगी। प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग ने कहा कि 15 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव में महिला व बालिकाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, अग्र मैराथन रैली, अग्रसेन मेला, प्रभात फेरी आदि सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। मीटिंग में जयंती कार्यक्रम की सफलता के लिए सुझाव मांगे।

## गढी का गांव में रात्रि चौपाल स्थगित

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि 21 अगस्त गुरूवार को मण्डरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गढी का गांव में आयोजित होने वाली रात्रि चौपाल को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

# रोजगार सहायता शिविर 28 को

**करौली,** (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा 28 अगस्त गुरूवार को प्रातः 10:30 बजे से जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट के परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा।

उन्होने बताया कि कुछ निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा युवाओं को रिक्त पदों के लिये चयनित किया जायेगा। साथ ही विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के द्वारा काउन्टर लगाये जाकर युवाओं को उनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया जायेगा। सहायक निदेशक ने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षिणक योग्यता के लिये अंकतालिका, जन्मतिथि प्रमाणीकरण के लिये 10वीं की अंकतालिका या स्कूल की टीसी, निवास सम्बन्धी प्रमाण के लिये आधारकार्ड या मूलनिवास प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज की 4-5 फोटो के साथ में शिविर स्थल डाईट परिसर पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल के पास करौली में उपस्थित रहकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

# 'संगठन द्वारा मिलने वाले दायित्व को निष्ठा से निभाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य'

गंगापुर सिटी 2० अगस्त। भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की जिला संगठनामक बैठक का अयोजन जयपुर बाईपास स्थित पार्थ होटल में किया गया। संगठन बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान वित्त आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ.अरुण चतुर्वेदी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बजरंग लाल जाट, प्रधान मंजू गुर्जर, प्रधान नरेंद्र चौधरी, शशिकला मीणा, सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.भरत मथुरिया, प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, जिला

■ **'भाजपा संगठन का कार्यकर्ता राष्ट्रवाद और संगठन के प्रति जिम्मेदार रहता है'**



**भाजपा संगठनात्मक बैठक में राजस्थान वित्त आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी का अमाल्यार्पण कर स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी**

उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड सहित समस्त मंडलों के मंडल अध्यक्ष रहे। जबकि कार्यत्र्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर द्वारा की गई। उक्त संगठनात्मक बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई।

बैठक के दौरान मुख्य अतिथि डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता को समय-समय पर दी जाने वाली जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने संगठन के प्रत्येक मंडल अध्यक्ष और जिले के पदाधिकारी द्वारा संगठन द्वारा प्रवास के कार्यक्रमों के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की विस्तृत स्थित की जानकारी प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का कार्यकर्ता राष्ट्रवाद और संगठन के प्रति जिम्मेदार रहता है जबकि संपूर्ण देश में आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान के नियमों की दुहाई देने का काम कर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है।

जिला प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त संगठन बैठक के दौरान जिला महामंत्री विनोद अटल द्वारा समस्त 17 मंडलों के समस्त मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियों और जिले के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के गठन के पश्चात किए गए समस्त संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महामंत्री जगदीश अग्रवाल,बाबूलाल मीणा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश डंगोरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, उदय सिंह गुर्जर, लालचंद गौतम, जमनालाल वैष्णव, शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, पुखराज सलेमपुर, जिला मंत्री हरफूल वैरबा, रामहरी जाट, अंजू जाटव, सुनीता वैष्णव, राधा दीक्षित, मीरा सैनी, कृष्णा गुप्ता, गौरंती मीणा, महेन्द्र दीक्षित, ओमी कटारिया, नितेश मोदी, सारांश जैन, कमलेश महावर, नवल दनगस, गोविंद पाराशर, गौरव मंगल, चिरंजी लोधा, वीरू बजाज, गंगाशंकर गौतम, करण लोधा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

## नांगल शेरपुर में रात्रि चौपाल सम्पन्न

**करौली**, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में मंगलवार को टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नांगल शेरपुर में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलवाने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, साफ सफाई करवाने, पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने, विद्यालय में नया संकाय जुडवाने, विद्यालय में स्टाफ लगवाने, गिरदावरी करवाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने, रोड साईड नाली बनवाने सहित विभिन विभागों के 23 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई में उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। रात्रि चौपाल में पेयजल से संबन्धित आमजन की परिवेदनाओं के प्राप्त होने पर गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे आमजन को पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। उन्होंने सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्क रहकर कार्य करने, दवाईयो की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने वर्षा के मौसम में हरियालों राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में मौजूद सदस्यों के बराबर पेड़ लगाये और 3-4 वर्ष तक उनका संरक्षण करें।

## कार्य का बहिष्कार सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिले के राजस्व अधिकारियों ने बुधवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। यह कदम लालसोट, दौसा में तहसीलदार के साथ हुई मारपीट के विरोध में उठाया गया। गंगापुर सिटी, तलावडा, वजीरपुर और बरनाला के राजस्व अधिकारियों ने मिनी सचिवालय में विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने एडीएम रामकिशोर मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 19 अगस्त को लालसोट में वकीलों ने तहसील कार्यालय में घुसकर तहसीलदार और उनके सहायक कर्मचारियों पर हमला किया। वकीलों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया और गाली-गलौच की। इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया गया। घटना के बाद चार घंटे तक धरना प्रदर्शन हुआ और स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। राजस्व अधिकारियों ने आरोपी वकीलों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय करने की मांग की है। गंगापुर सिटी तहसीलदार अजय मीणा, नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, मो. हनीफ, लक्ष्मण गुप्ता, अमरसिंह मीणा और विजय जैन ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती और सुरक्षा के उपाय नहीं किए जाते, तब तक सवाई माधोपुर जिले के सभी राजस्व अधिकारी कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे।

## स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**करौली**, (निसं)। करौली में सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पांचना नहर के पास सैगरपुरा रोड से पकडे गए आरोपियों से 11:30 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 2 लाख 26 हजार रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रुपिन्दर 27 और राजेश 24 के रूप में हुई है। दोनों श्रीमहावीरजी थाना क्षेत्र के कोन्यान का पुरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनसे स्मैक की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर की बाइक भी जब्त की है।गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में दिखने पर दोनों को रोका गया। तलाशी में स्मैक मिलने के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्मैक की तस्करी करना स्वीकार कर लिया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। थानाधिकारी रामदीन शर्मा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में डीएसटी टीम प्रभारी देवेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस आरोपियों से स्मैक के स्त्रोत और नेटवर्क के बारे में पछताछ कर रही है।

## मंडरायल व मासलपुर मे उपचुनाव आज

**करौली**, (निसं)। करौली जिले में कल 21 अगस्त को पंचायत समिति सदस्य के लिए उपचुनाव होगा मतदान प्रातः7 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। उपचुनाव मंडरायल पंचायत समिति के वार्ड नंबर 6 और मासलपुर पंचायत समिति के वार्ड नंबर 2 में होगा। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, सामग्री के प्रयोग और आचार संहिता की जानकारी दी गई। मतदान दलों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के निर्देश दिए गए।दोनों वार्डों के लिए कुल 11 मतदान दल बनाए गए हैं। इनमें से 9 दल मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। 2 दलों को रिजर्व में रखा गया है। मंडरायल में 4 और मासलपुर में 5 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। चुनाव विभाग के अनुसार मंडरायल के वार्ड नंबर 6 में 3 हजार 823 मतदाता हैं। मासलपुर वार्ड नंबर 2 में 4 हजार 539 मतदाता हैं। एडीएम हेमराज परिडवाल ने मतदान दलों से समय पर पहुंचकर निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की अपील की है।

## डाक निशान यात्रा रवाना

**करौली**, (निसं)। करौली शहर के के अनाज मंडी स्थित गोविंद देव जी मंदिर से पंचम खाटू श्याम जी की डाक निशान यात्रा धूमधाम के साथ रवाना हुई। श्री श्याम सखा संघ परिवार के सुमित गर्ग ने बताया कि पंचम डाक निशान यात्रा खाटू श्याम जी की बुधवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई। गोविंद देव जी मंदिर से श्याम बाबा के भक्तों द्वारा श्याम बाबा की झांकी व ध्वज की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद करौली विधायक दर्शन सिंह व अठावाल समाज के अध्यक्ष ब्रजलाल गुप्ता ने निशान यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। पदयात्रा में बाबा श्याम की विशेष झांकी के साथ डीजे पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे।निशान यात्रा का बजाजा बाजार,बड़े बाज़ार ,सब्ज़ी मंडी, भूडारा बाज़ार , तीन बड़, मेग्ज़ीन,पर भक्तों ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि डाक यात्रा गुरुवार को प्रातः खाटू श्याम दरबार पहुंचेगी। समिति की ओर से पदयात्रियों की रास्ते में जगह-जगह पर ठहराव की व्यवस्था की गई है।

## स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**भरतपुर,** (निसं)। विश्व हिंदू परिषद लक्ष्मण मंदिर प्रखंड द्वारा सहयोग नगर उपखंड में स्थापना दिवस का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, उद्देश्य एवं सेवा कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन ही हमारी शक्ति है, धर्म रक्षा ही राष्ट्र रक्षा है। उन्होंने समाज में सेवा, संस्कार और सुरक्षा के तीन स्तंभों को सुदृढ़ बनाने का आ ान किया। प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खंडेलवाल एवं प्रांत गौरक्षा प्रमुख सिद्धार्थ फौजदार ने भी परिषद की गौरवशाली यात्रा, सेवा कार्यों और गौसंरक्षण पर मार्गदर्शन दिया। मंच संचालन जिला सहमंत्री अमित जिंदल एवं चंद्रशेखर गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुंतल, नगर अध्यक्ष कमल कपूर,रामावध बघेल, कोषाध्यक्ष किशन सिंह होलकर, जिला मंत्री विनोद, नगर सेवा प्रमुख लक्ष्मण प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष मिट्टन लाल शर्मा, सहयोग नगर अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

पश्चिम मध्य रेल
कार्यालय अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप-मंडल रेलवे चिकित्सालय, गंगापुर सिटी
पत्र सं.-एमडी/मेडिसिन /GGC दिनांकः 18.08.2025
खुली ई निविदा सूचना संख्या-ACMSGGCLP251002A
भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से उप मंडल रेलवे चिकित्सालय, गंगापुर सिटी में स्थानीय बाजार दवा खरीद के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है । निविदा संख्या एवं कार्य का नाम -निविदा संख्या ACMSGGCLP251002A गंगापुर सिटी रेलवे अस्पताल में मेडिसिन सर्जिकल एवं कन्जूमेबल की स्थानीय बाजार से दो वर्ष हेतु खरीद के लिए ई निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रति वर्ष अनुमानित लागत 2,50,000 से 3,00,000 रुपए की दवा की खरीद की जानी है। निविदा जमा होने की अंतिम तिथि 25.08.2025 को 15.00 बजे तक। बयाना राशी (EMD): रू.5000.00। **नोट** :- 1. ई निविदा प्रपत्र एवं ई निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट WWW.IREPS.GOV.IN पर उपलब्ध है। 2. इस निविदा से सम्बंधित कोई आवश्यक संशोधन यदि जरुरी हुआ तो वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 3. निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजो कि कंडीशन एवं शर्ते अवश्य पढ़ ले।
(हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, प.म.रे. गंगापुर सिटी
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर